भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3332 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 7 अगस्त, 2026/16 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाना है

मुंबई पोर्ट में अवसंरचना को मजबूत करना

†3332. श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे :

क्या पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बंदरगाह की अवसंरचना को मजबूत करने तथा देश की 'हरित बंदरगाह' पहल को आगे बढ़ाने के लिए पिछले दो वर्षों में मुंबई पोर्ट अथॉरिटी द्वारा शुरू की गई विभिन्न परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ख) शुरू की गई इन परियोजनाओं की लागत का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) और (ख): पत्तन अवसंरचना को दृढ़ करने के लिए मुंबई पत्तन प्राधिकरण (एमबीपीए) द्वारा पिछले दो वर्षों के दौरान शुरू की गई परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-I** में संलग्न हैं।

मुंबई पत्तन प्राधिकरण द्वारा शुरू की गई हरित पत्तन पहलें नीचे दी गई हैं:

(i) नवीकरणीय ऊर्जा: कुल 1.4 मेगा वाट रूफ़टॉप सौर क्षमता चालू हैं। इसके अलवा, आरईएससीओ मॉडल के तहत, इंदिरा डॉक शेड पर 3 मेगा वाट की रूफ़टॉप सौर परियोजना कार्यान्वयनाधीन हैं। वर्तमान में, पत्तन की लगभग 57% ऊर्जा आवश्यकता, नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से पूरी की जाती हैं।

(ii) वैकल्पिक समुद्रीय ईंधन: बीपीसीएल के सहयोग से बायोईंधन सम्मिश्रण शुरू किया गया है। हरित टग ट्रांजिशन प्रोग्राम (जीटीटीपी) के तहत हरित टग्स को शामिल किया जा रहा हैं। स्वच्छ समुद्रीय ईंधन संचालन को सुगम बनाने के लिए जवाहर द्वीप पर एलएनजी आयात का विकास और संचालन सुविधाएं प्रगति में हैं।

(iv) वनरोपण और पारिस्थितिकी: बास रोपण और अन्य रोपण अभियान किए जा रहे हैं। हरित क्षेत्र को बढ़ाने और तटीय इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए, सेवरी पर मैंग्रोव पार्क का विकास शुरू किया गया हैं।

(v) स्वच्छ स्वदेशी ईंधन: पत्तन के रिहायशी और आम-उपयोगकर्ता कनेक्शन में एलपीजी से पीएनजी का परिवर्तन किया जा रहा हैं।

अनुबंध -I

पिछले दो वर्षों के दौरान शुरू की गई परियोजनाओं का विवरण

क्र. सं.	2025-26 में शुरू की गई परियोजना का विवरण	परियोजना की कुल लागत
1.	डीबीएफओटी (पीपीपी) आधार पर इंदिरा डॉक में मुंबई अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल (एमआईसीटी) का विकास, प्रचालन और रखरखाव।	192 करोड़ रुपये
2.	इंदिरा डॉक, मुंबई में ईपीसी मोड पर वर्तमान मुंबई अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल (एमआईसीटी) का आधुनिकीकरण	303 करोड़ रुपये
3.	जवाहर द्वीप में तट सुरक्षा प्रदान करना।	80.4 करोड़ रुपये
4.	विकसित बाहरी मुंबई मरीना (ईपीसी भाग)	470 करोड़ रुपये
2024-25 में शुरू की गई परियोजना का विवरण		
5	पीरपाऊ, मुंबई पत्तन प्राधिकरण में तीसरे रासायनिक बर्थ का निर्माण।	161.00 करोड़ रुपये
6	मुंबई पत्तन पर समुद्री तेल टर्मिनल में एससीएडीए और पीएलसी स्वचालन प्रणाली	25.84 करोड़ रुपये
7	मुंबई पत्तन के पीर पाऊ टर्मिनल पर अग्निशमन सुविधाओं का संवर्धन	52.69 करोड़ रुपये

*****